सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 68 | इंदौर, शनिवार 20 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## पुनर्विवाह होने पर नहीं दे सकते विवाह विच्छेद आदेश को चुनौती, हाईकोर्ट ने खारिज की अपील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर, एजेसी। हाईकोर्ट ने अपने अहम आदेश में कहा है कि पुनर्विवाह हो जाने के बाद विवाह विच्छेद आदेश को चुनौती देने वाली अपील प्रचलन योग्य नहीं है। अपील निर्धारित समय सीमा में दायर की जाती तो सुनवाई योग्य थी। हाईकोर्ट जस्टिस विशाल धगट तथा जस्टिस अनुराधा शुक्ला ने अपील को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा है कि सुनवाई करने से तीसरे पक्ष के वैवाहिक नागरिक अधिकार खतरे में पड़ सकता है।

नरसिंहपुर निवासी रजनी पटेल की तरफ से दायर अपील में कुटुम्ब न्यायालय जबलपुर के द्वारा 24 जून 2022 को पारित विवाह विच्छेद आदेश को चुनौती दी गयी थी। युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि अपीलकर्ता ने तलाक के आदेश को चुनौती देते हुए 6 दिसम्बर 2022 को अपील दायर की थी। अपीलकर्ता ने निर्धारित अवधि के 130 दिन बाद आदेश को चुनौती देते हुए अपील दायर की है। प्रतिवादी ने अपील की निर्धारित अवधि पूर्ण होने के बाद 28 अक्टूबर 2022 को पुनर्विवाह कर लिया है।

अपीलकर्ता निर्धारित समय अवधि में अपील दायर करती तो हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 15 के अंतर्गत पुनर्विवाह पर प्रतिबंध का प्रावधान था। प्रतिवाद ने अपील दायर करने की निर्धारित समय सीमा पूर्ण होने के बाद वैध रूप से पुनर्विवाह किया है। समय अवधि के लिए क्षमादान प्रदान करने के बावजूद भी अपील में गुण-दोष के आधार पर निर्णय लेने के प्रतिकूल प्रभाव होंगे। इससे तीसरे पक्ष के वैवाहिक नागरिक अधिकार खतरे में पड़ेंगे। युगलपीठ ने अपील को खारित करते हुए निचली अदालत के समक्ष भरण-पोषण के लिए आवेदन प्रस्तुत करने अपीलकर्ता को स्वतंत्रता प्रदान की है।

## H1-B Visa: एच 1-बी के लिए अमेरिका लेगा 88 लाख रुपये, भारतीय IT पेशेवर होंगे प्रभावित

### राम वन गमन पथ के साथ बना रहे हैं श्रीकृष्ण पाथेय

# विकास से विंध्य क्षेत्र की बदलेंगे तकदीर : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### त्योंथर में न्यू आईटीआई सहित 400 एकड़ में बनाया जाएगा नया औद्योगिक प्रक्षेत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में विकास यज्ञ चल रहा है। विकास का यह कारवां अब रूकेगा नहीं, बल्कि और तेजी से यूं ही चलता रहेगा। विंध्य के विकास में सरकार कोई कसर नहीं रखेगी और हम सब मिलकर विकास परियोजनाओं के जरिए इस क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विंध्य क्षेत्र के विकास के लिए त्योंथर में 400 एकड़ उपलब्ध भूमि पर नया औद्योगिक प्रक्षेत्र बनाने, त्योंथर के सिविल अस्पताल को 50 बेड से बढ़ाकर 100 बेडेड करने, त्योंथर में आईटीआई का निर्माण और तमस नदी के तट पर रिवर कॉरिडोर बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने निवेशक फर्म आईओसीजीपीएस रिन्युएबल प्रायवेट लिमिटेड द्वारा करीब 125 करोड़ रूपए की लागत से स्थापित किए जाने वाले कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का भूमिपूजन भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीधी सड़क दुर्घटना में मृत सुश्री लीना वर्मा के परिजन को सरकार की ओर से 4 लाख रुपए की



सहायता राशि देने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को रीवा जिले के त्योंथर विधानसभा के चाकघाट कृषि उपज मंडी में आयोजित 'विंध्य विकास संकल्प' सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलन एवं कन्या पूजन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने भूतपूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. श्री श्रीनिवास तिवारी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विंध्य क्षेत्र न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश को रोशन करने में अग्रणी है। इस क्षेत्र ने विद्युत उत्पादन, सोलर पॉवर प्रोडक्शन और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। ऊर्जा उत्पादन में धनी यह क्षेत्र सच्चे अर्थों में देश की ऊर्जा धानी बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास की गतिविधियां तेजी से जारी हैं। बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए त्योंथर को भी उद्योगों की सौगात मिल रही है। आज त्योंथर में 162 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ है। उन्होंने तीन उद्योगपतियों को उद्योग लगाने के लिये भूमि आवंटन पत्र प्रदान किये। हमारी सरकार प्रदेश के भविष्य को सुरक्षित करते हुए विद्यार्थी बच्चों को यूनिफार्म, किताबें, साइकिल, लैपटॉप और स्कूटी सहित स्कॉलरशिप भी दे रही है। डबल इंजन की सरकार में प्रदेश के हर वर्ग के कल्याण का बखूबी ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में सांदीपनि विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। चित्रकूट सहित प्रदेश के जिस स्थान पर भगवान श्रीराम के चरण पड़े, उन्हें राम वन गमन पथ के रूप में विकसित किया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण की लीला स्थलों पर तीर्थ बनाने के साथ हम प्रदेश के हर नगर में गीता भवन भी बनाने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में आईं माताओं-बहनों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने के लिए 'एक बगिया मां के नाम' योजना शुरू की है।

# मेट्रो का प्रायोरिटी कॉरिडोर के आगे ट्रायल रन

### ◆नए रूट में 4 किमी दौड़ी ट्रेन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में मेट्रो का प्रायोरिटी कॉरिडोर से आगे का शुक्रवार को ट्रेन ट्रायल किया गया। मेट्रो प्रबंधन के मुताबिक 4 किमी का सफल ट्रायल रन किया गया है। इस दौरान मेट्रो के इंजीनियर भी ट्रेन में मौजूद थे। बताया जा रहा है कि जल्द ही रेडिसन चौराहे तक ट्रायल रन किया जाएगा।**

बता दें कि दो साल पहले छह किलोमीटर का ट्रायल रन हुआ था। जिसे प्रायोरिटी कॉरिडोर का एक सेक्शन कहा जाता है। इस पर यात्रियों के लिए ट्रेन का संचालन हो रहा है। मेट्रो जनसंपर्क



अधिकारी हिमांशु ग्रोवर ने बताया कि अब तक कुल 10 किलोमीटर से ज्यादा का ट्रायल रन हो चुका है। आने वाले दिनों में गांधी नगर स्टेशन से रेडिसन चौराहा तक मेट्रो का 17 किलोमीटर तक ट्रायल रन होगा। इसके बाद सीएमआरएस से एनओसी मिलने के बाद इसे यात्रियों के लिए शुरू किया जाएगा। मेट्रो सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन एमआर-10 बस स्टेशन तक होना था, लेकिन एक किलोमीटर पहले ही ट्रेन फिर लौट गई। पहली बार ट्रेन ने दस किलोमीटर तक का सफर तय किया। इस कारण ट्रेन की गति दस किलोमीटर प्रति घंटा रखी गई। अब धीरे-धीरे स्पीड बढ़ाकर ट्रायल रन किया जाएगा। फिलहाल सुरक्षा विशेषज्ञों से चार किलोमीटर तक के रन की अनुमति मिली थी। इससे पहले अफसर 17 किलोमीटर तक ट्रॉली रन भी चार बार कर चुके है। अभी मेट्रो का संचालन छह किलोमीटर के हिस्से में हो रह है। लेकिन यह आबादी क्षेत्र नहीं है। इस कारण मेट्रो को अब ज्यादा यात्री नहीं मिल रहे है। शुरुआती दिनों में मेट्रो ट्रेन को देखने के लिए शहरवासियों की भीड़ उमड़ी। अब तक दो लाख से ज्यादा यात्री मेट्रो में सफर कर चुके है, लेकिन अब यात्री नहीं मिल रहे है। अगले साल तक मेट्रो के कॉमर्शियल रन का टारगेट रेडिसन चौराहे तक करने का रखा गया है। यहां तक मेट्रो चलेगी तो यात्रियों की संख्या भी बढ़ेगी। क्योंकि विजय नगर, सुखलिया ग्राम व आसपास से सुपर कॉरिडोर की आईटी कंपनियों व कालेजों में कर्मचारी व विद्यार्थी जाते है। हालांकि अभी भी पांच से ज्यादा मेट्रो स्टेशनों का काम बाकी है। इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट कुल 3 फेज में पूरा किया जाना है। इसमें एक फेज का काम पूरा हो गया है। दूसरे फेज का काम शुरू हो गया है। जबकि तीसरे फेज के लिए टेंडर प्रकिया पूरी हो चुकी है। बताया जा रहा है कि तीसरे फेज का काम इस साल से ही शुरू हो जाएगा।

"नमों मैराथन" का आयोजन रविवार को

# कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में तैयारियों की बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर जिले में सेवा पखवाड़े के तहत कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी सिलसिले में इंदौर में 21 सितंबर को आत्म निर्भर-भारत विकसित भारत थीम पर 'नमों मैराथन' का आयोजन किया जाएगा। 'नमों मैराथन' का आयोजन प्रातः 6:30 बजे राजीव गांधी चौराहा से भंवरकुआ चौराहा तक किया जायेगा। इस मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं, खिलाड़ियों सहित आमजन शामिल होंगे।**

इस मैराथन दौड़ के संबंध में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित अन्य संबंधित



विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए की इस मैराथन दौड़ का प्रभावी आयोजन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बताया गया कि मैराथन दौड़ सभी आयु वर्ग के लिए ओपन है। इसमें कोई भी प्रतिभागी शामिल हो सकता है। मैराथन दौड़ में विजेताओं को नगद राशि से भी पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही उन्हें प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। बताया गया कि मैराथन दौड़ में प्रथम आने वाले धावक को 5 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही दूसरे स्थान पर रहने वाले को 3 हजार रुपये और तीसरे स्थान पर रहने वाले को 2 हजार रुपये का नगद पुरस्कार मिलेगा। इसी तरह सात धावकों को प्रोत्साहन राशि के रूप में एक-एक हजार रुपये का पुरस्कार भी दिया जाएगा।

## खास समर्थक कहे जाने वाले जीतू चौधरी ने मोर्चा खोला...



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर बीजेपी में अभी सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। दो दिन पहले जहां इंदौर के खजराना में सीएम के दौरे से पहले इंदौर 5 के कार्यकर्ता और विधायक महेंद्र हार्डिया के बीज नोंकझोंक हुई थी तो वहीं अब इंदौर 2 के विधायक रमेश मेंदोला के खिलाफ उनके खास समर्थक कहे जाने वाले जीतू चौधरी ने मोर्चा खोला है।**

खास बात यह है कि चौधरी मेंदोला के खिलाफ खुलकर सामने आए है। चौधरी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा- ''मेरे साथ अगर कोई दुर्घटना होती है तो जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ विधायक रमेश मेंदोला होंगे। वहीं इस मामले में अभी मेंदोला की तरफ से कुछ भी नहीं कहा गया है। इंदौर 2 के विधायक रमेश मेंदोला के समर्थक जीतू चौधरी ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा है कि मुझे मौत का भी डर नहीं है, चाहे जेल में डाल दो मैं किसी से नहीं डरता। मेरे साथ अगर कोई दुर्घटना होती है तो जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ विधायक रमेश मेंदोला होंगे। जीतू बीजेपी नमामी नर्मदे विभाग इंदौर के जिला संयोजक हैं। बीजेपी सूत्रों की मानें तो इंदौर 2 के कनकेश्वरी ग्राउंड में होने जा रहे गरबा महोत्सव को लेकर चौधरी ने नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि निशुल्क गरबे में 100 से 500 और यहां तक कि 1000 रुपए तक वसूले जा रहे हैं, जबकि इसे हर वर्ग के लोगों के लिए खुला होना चाहिए। चौधरी का इशारा है कि इस पैसे की वसूली के पीछे विधायक खेमे के लोग सक्रिय हैं। जीतू चौधरी, जो कभी मेंदोला के बेहद करीबी माने जाते थे, अब सीधे-सीधे उन्हें कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। चौधरी ने अपने पोस्ट में यहां तक कह दिया कि उनकी जान को खतरा है और उन्हें जेल भिजवाने की साजिश भी हो सकती है। यह पहली बार नहीं है जब जीतू चौधरी ने मेंदोला पर निशाना साधा है। कुछ साल पहले भी उनका एक ऑडियो वायरल हुआ था जिसमें वह कहते सुने गए थे मुझे रमेश मेंदोला मत समझना। जीतू चौधरी की यह पोस्ट शहर की राजनीतिक हलचल को और तेज कर रही है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि विधायक रमेश मेंदोला इस चुनौती और आरोपों पर क्या कदम उठाते हैं।

# मदद के लिए महिला थाना प्रभारियों की पोस्टिंग की

### लसूडिया और विजयनगर में होंगे दो टीआई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में पुलिस महकमे में बड़े स्तर पर फेरबदल किया गया है। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने लसूडिया और विजयनगर थाने के लिए नए थाना प्रभारी नियुक्त किए हैं। इनकी मदद के लिए दो महिला टीआई को भी पोस्टिंग दी गई है। इसके अलावा द्वारकापुरी, हीरानगर, छत्रीपुरा, आजाद नगर और सराफा समेत कई थानों के टीआई बदले गए हैं।**

विजयनगर में टीआई चंद्रकांत पटेल की पोस्टिंग की गई है। उनकी मदद के लिए टूआईसी कार्यवाहक मीना बौरासी को भी नियुक्त किया गया है। वहीं लसूडिया थाना अब नीतू सिंह को सौंपा गया है। द्वारकापुरी थाना प्रभारी के रूप में मनीष मिश्रा की पोस्टिंग हुई है। यहां से टीआई सुशील पटेल को हीरानगर भेजा गया है। डीआरपी लाइन से लोकेश भदौरिया को आजाद नगर थाना प्रभारी बनाया गया है, जबकि यहां पदस्थ टीआई तिलक करोले को डीआरपी लाइन भेजा गया है। बता दें कि कुछ दिन पहले आजाद नगर थाने में एक एसआई रिश्वत लेते पकड़ा गया था। छत्रीपुरा में संजीव श्रीवास्तव की पोस्टिंग की गई है। यहां के टीआई केपी यादव को संयोगितागंज भेजा गया है। श्रीवास्तव पहले लाइन में थे। वहीं सराफा थाने में राजकुमार लिटोरिया को टीआई बनाया गया है और यहां पदस्थ सुरेंद्र रघुवंशी को पलासिया भेजा गया है। हीरानगर के पूर्व टीआई पीएल शर्मा को क्राइम ब्रांच भेजा गया है। इसके साथ ही विष्णु वासकले की पोस्टिंग भी क्राइम ब्रांच में की गई है। वहीं नारायण डामोर को सुरक्षा शाखा में पदस्थापना दी गई है।

## बाथरूम में गिरी, मौत

**इंदौर।** आजाद नगर में रहने वाली 19 साल की शिवानी पति सूरज कुशवाह निवासी दुर्गा नगर को गुरुवार रात 12 बजे एमवाय अस्पताल लेकर आया गया। भाई यश ने बताया कि रात में वह बाथरूम में गिर गई थी। इसके बाद उसे निजी अस्पताल लेकर गए। यहां से रात में एमवाय भेज दिया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। भाई के मुताबिक शिवानी टीबी की बीमारी से पीड़ित थी, उसका उपचार चल रहा था। शिवानी शारीरिक रूप से काफी कमजोर हो गई थी। वह 4 माह की गर्भवती भी थी। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

## पैसों के विवाद में युवक की चाकू मारकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** हीरानगर इलाके में गुरुवार रात करीब 12 बजे बदमाशों ने नशे में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। वारदात आरोपियों के घर से कुछ दूरी पर हुई। सूचना मिलने पर पुलिस देर रात मौके पर पहुंची और एक आरोपी को हिरासत में ले लिया, जबकि उसके दो साथियों को शुक्रवार दोपहर गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान बबलू उर्फ उमेश जोशी के रूप में हुई है, जो कबीटखेड़ी इलाके का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि नाले के किनारे बदमाशों का विवाद हुआ, जिसके बाद चीना ठाकुर, उसका भाई पप्पी और दोस्त आशीष चौहान ने उमेश पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाते समय उमेश की मौत हो गई। बताया जाता है कि उमेश आरोपियों से बचने के लिए कुछ दूरी तक भागा भी था, लेकिन हमलावरों ने उसे पकड़कर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने देर रात आशीष चौहान को हिरासत में लिया है, वहीं चीना ठाकुर और उसके भाई पप्पी को शुक्रवार दोपहर गिरफ्त में लिया है। उमेश की पहचान उसकी जेब में मिले कागजों से हुई। पुलिस के अनुसार मृतक बबलू उर्फ उमेश जोशी अक्सर आरोपी चीना और पप्पी के साथ रहता था और नशा करता था। बबलू कोई काम नहीं करता था, उसका खर्च चीना ही उठाता था। करीब 10 दिन पहले उमेश का पुश्तैनी मकान स्कीम नंबर 51 में बिका था। गुरुवार रात सभी आरोपी और उमेश शराब पी रहे थे। इसी दौरान चीना ने उमेश से कहा कि मकान बिकने के बाद मिले हिस्से में से रुपए दे दे। उमेश के मना करने पर कहासुनी हुई और आरोपियों ने अपने साथी के साथ मिलकर उमेश पर चाकू से हमला कर दिया।

वारदात के बाद आरोपी अलग-अलग भाग गए। पुलिस ने चीना, पप्पी और आशीष को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक, उमेश को उसके पिता पहले ही छोड़ चुके थे। कई साल पहले मां की मौत हो गई थी। उसकी एक बहन और जीजा बाहर रहते हैं। उमेश इंदौर में अकेले रह रहा था और उसकी शादी नहीं हुई थी। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, चीना ठाकुर और उसके भाई पप्पी के खिलाफ पहले से हीरानगर, परदेशीपुरा और लसूडिया थानों में अपराध दर्ज हैं। दोनों अक्सर इलाके में विवाद और उपद्रव करते रहते हैं।

### उषा ठाकुर बोली- यह हादसा नहीं, साजिश

# इंदौर ट्रक हादसे पर पूर्व मंत्री ने उठाए सवाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में एयरपोर्ट रोड पर हुए भीषण ट्रक हादसे को लेकर पूर्व मंत्री उषा ठाकुर ने गंभीर सवाल उठाए हैं। ठाकुर ने इस हादसे को जहां षड्यंत्र बताया है। वहीं पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि वह इसके लिए मुख्यमंत्री से प्रार्थना करेंगी। ठाकुर ने आगे कहा कि इस मामले में जिम्मेदारों पर भी कार्रवाई होना चाहिए। साथ ही ट्रक ड्राइवर और मालिक को मृत्युदंड मिलना चाहिए।**

बता दें कि इंदौर एयरपोर्ट रोड पर शराबी ट्रक ड्राइवर ने रामचंद्र नगर चौराहे से लेकर बड़ा गणपति चौराहे तक लगभग दो दर्जन लोगों को कुचल दिया था। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी और करीब डेढ़ दर्जन लोग घायल हुए थे। भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री उषा ठाकुर का



कहना है कि कोई इतना क्रूर और लापरवाह कैसे हो सकता है। एक आदमी गाड़ी में फंस गया है, आग लग गई है और चालक को होश ही नहीं है। कई बार मन में शक होता है कि यह कोई सुनियोजित षड्यंत्र तो नहीं है। क्योंकि ऐसी घटनाएं पूरे विश्व में कम से कम 8 से 9 बार हुई हैं। फिर इसमें जो साधारण धाराएं लगी हैं, उस पर मेरी घोर आपत्ति है। मैं एसीएस महोदय और मुख्यमंत्री से इसके लिए प्रार्थना करने वाली हूं। इस ट्रक के मालिक पर भी एफआईआर दर्ज होना चाहिए। वहीं, ऐसे ड्राइवर जिन पर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं और नशा करते हैं, उन सबके लाइसेंस रद्द होना चाहिए। क्योंकि यह तो सीधे चलते-फिरते यमदूत बनकर संदेश लेकर आते हैं। कोई नियंत्रण ही नहीं है। यह घटना बहुत ही हृदय विदारक है। साथ ही ठाकुर ने कहा कि जिम्मेदारों पर भी सख्त कार्रवाई होना चाहिए।

### चौपाटी को लेकर हुए विवाद में

## सराफा बाजार में मां-बेटी ने दुकानदार को डंडे से पीटा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सराफा बाजार में चौपाटी को लेकर हुए विवाद में एक दुकानदार और मां-बेटी के बीच जमकर मारपीट हो गई। मां-बेटी ने दुकानदार पर डंडे से हमला किया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना करीब 5 दिन पुरानी है।**

जानकारी के अनुसार सराफा चौपाटी पर दुकान लगाने को लेकर दुकानदार गंगवाल और एक महिला के बीच एग्रीमेंट हुआ था। महिला और उसकी बेटी ने चौपाटी पर जगह लेने के लिए 2 लाख रुपए एडवांस दिए थे। बाद में दुकानदार ने दुकान देने से इनकार कर दिया। जब महिला ने पैसे वापस मांगे तो विवाद बढ़ गया। पैसों को लेकर हुई कहासुनी इतनी बढ़ी कि महिला और उसकी बेटी ने दुकानदार की जमकर खबर ली। दोनों ने दुकानदार को डंडे से बुरी तरह पीट दिया। यह पूरी घटना बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मारपीट के बाद मामला थाने पहुंचा। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ लिखित शिकायत की। सराफा बाजार के अन्य व्यापारी भी थाने पहुंचे और मामले में मध्यस्थता की। इसके बाद दुकानदार ने महिला को रुपए लौटा दिए और दोनों पक्षों में समझौता हो गया। टीआई सुरेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि चौपाटी को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्ष थाने आए थे। एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन बाद में आपसी सहमति से लिखित समझौता कर लिया गया। इसके बाद दोनों पक्ष थाने से रवाना हो गए।

### युवती ने लगाए हैं गंभीर आरोप

# डांसिंग कॉप रंजीत सिंह की तबीयत बिगड़ी

## अफसरों को सफाई देने पहुंचे थे, सीने में उठा दर्द

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के डांसिंग कॉप रंजीत सिंह की शुक्रवार को तबीयत बिगड़ गई। सीने में दर्द की शिकायत के चलते उन्हें शेल्बी अस्पताल में एडमिट कराया है। एक युवती ने 2 वीडियो वायरल कर उन पर गंभीर आरोप लगाए थे।**



आरोपों के बाद गुरुवार को रंजीत सिंह को लाइन अटैच कर दिया गया। एडिशनल कमिश्नर आरके सिंह ने गुरुवार सुबह इसके आदेश जारी किए थे। इसी मामले में सफाई देने रंजीत सिंह शुक्रवार को अफसरों से मिलने गया था। वहां से लौटने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि विभागीय अफसर पुलिसिंग में रहते हुए रंजीत के व्यवहार को गलत मान रहे हैं। उनका मानना है कि रंजीत की इस हरकत से विभाग की छवि खराब हुई है। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक रंजीत की शिकायत पर युवती के खिलाफ केस रजिस्टर्ड किया जा सकता है।

रंजीत सिंह पर राधिका सिंह नाम से इंस्टाग्राम आईडी चलाने वाली युवती ने गंभीर आरोप लगाए थे। सबसे पहले युवती ने एक वीडियो वायरल कर कहा है कि ट्रैफिक का सिपाही जो काफी फेमस है। उसने दोस्ती करने के लिए मैसेज किए। इंदौर आने की बात कही।

युवती को रंजीत का इस तरह का मैसेज अच्छा नहीं लगा। उसने सोशल मीडिया पर ही इसे लेकर आपत्ति दर्ज की है। इधर, ट्रैफिक जवान रंजीत सिंह का कहना है कि उस लड़की ने फेमस होने के लिए यह सब किया है। राधिका सिंह ने वीडियो में ट्रैफिक के जवान के बारे में कहा है कि रंजीत ने उससे दोस्ती करने, इंदौर बुलाने और फ्लाइट से टिकट कराने का ऑफर दिया है। उसने इंदौर में ठहरने की व्यवस्था करने की भी बात कही थी। युवती ने कहा कि यह मुझे गलत लगा तो रंजीत से साफ इनकार कर दिया। वीडियो में राधिका सिंह ने कहा है कि मुझे उसकी दोस्ती की जरूरत नहीं है। वह अपने हद में रहे। ट्रैफिक हवलदार रंजीत ने यह कहा था...हमारे बीच कई माह पहले बातचीत हुई थी। मुझे युवती ने कई मैसेज किए हैं। जिसमें उसने खुद के साथ वीडियो बनाने की बात कही थी। उसने इसके लिए इंदौर आने के लिए कहा था। लेकिन, अब फेमस होने के लिए इस तरह का पैतरा अपना रही है। उसने काफी कुछ चेटिंग डिलीट कर दी।

## सीताफल तोड़ते पूर्व सरपंच को सांप ने काटा, मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। खुडैल में वीर हनुमान मंदिर के पास सीताफल तोड़ते समय सांप के डसने से पूर्व सरपंच की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, श्यामलाल (62) पुत्र जगन्नाथ चौधरी, वीर हनुमान मंदिर में दर्शन के लिए गए थे। दर्शन के बाद मंदिर के बाहर एक पेड़ से सीताफल तोड़ रहे थे। फल तोड़कर वह बाइक पर बैठ गए, लेकिन पेड़ पर और फल दिखने पर दोबारा पेड़ के पास गए। तभी वहां बैठे एक सांप ने उन्हें डंस लिया। स्थानीय लोगों ने उन्हें अचेत अवस्था में देख तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। श्यामलाल ग्राम पिवड़ाय के पूर्व सरपंच थे और खेती के साथ पिछले 18 सालों से वन्यजीवों की सेवा में लगे थे। उनके दो बच्चे और पत्नी है।

### पति से तलाक को लेकर चल रहा था विवाद

## नवविवाहित ने मायके में की आत्महत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता ने गुरुवार रात अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला के पास से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें उसने अपनी मर्जी से आत्महत्या करने की बात लिखी और माता-पिता से माफी मांगी है। बताया जा रहा है कि महिला का पति से तलाक को लेकर विवाद चल रहा था।**

छत्रीपुरा पुलिस के अनुसार, हिमानी (30) पति रवि प्रजापति लोकनायक नगर की रहने वाली



थी। पिछले एक साल से अपने मायके में रह रही थी। उसकी शादी दो साल पहले अहमदाबाद में रवि प्रजापति से हुई थी, जो कि गुजरात राज्य परिवहन निगम में कार्यरत हैं। शादी के लगभग एक साल बाद ही हिमानी अपने पिता अभिनंदन प्रजापति के घर लौट आई थी। हिमानी के पिता अकाउंटेंट का काम करते है। परिवार में एक छोटा भाई और बहन है। हिमानी ने कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई की है। हिमानी के पति रवि गुजरात राज्य परिवहन निगम में नौकरी करते है। हिमानी ने एक सुसाइड नोट भी लिखा है, जिसमें लिखा है कि अब उसकी जीने की इच्छा नही है। वह अपनी मर्जी से सुसाइड कर रही है। उसने माता पिता से माफी भी मांगी है। पुलिस ने इसे जब्त कर लिया है। वही माता पिता के बयान के बाद आगे की जांच की बात कही है।

### सिलाई कारीगर की हार्ट अटैक से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर के बाणगंगा में रात में सोते समय अचानक सीने में दर्द उठने के बाद एक सिलाई कारीगर की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, सुरेश (44) पुत्र कमल कोरी, निवासी मडोवरा (ललितपुर), इंदौर के पोलोग्राउंड क्षेत्र में एक कारखाने में सिलाई का काम करते थे और वहीं रहते थे। शुक्रवार रात करीब 3 बजे उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द हुआ। उनके दोस्त रामकिशन ने तत्काल उन्हें एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। सुरेश दो माह पहले ही काम के सिलसिले में इंदौर आए थे।

# वनों में स्थित आस्था स्थलों को किया जाए विकसित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## नदियों के किनारों पर पौधरोपण को करें प्रोत्साहित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के वनांचल में ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं जिन्हें स्थानीय समुदायों द्वारा सांस्कृतिक या धार्मिक मान्यताओं के आधार पर पारंपरिक रूप से संरक्षित किया जाता है। आस्था के ये क्षेत्र न केवल आध्यात्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि जैवविविधता संरक्षण, पारिस्थितिकी संतुलन, सामुदायिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।**

उन्होंने ऐसे स्थलों को देवलोक वनों के रूप में विकसित करने की जरूरत बताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन क्षेत्र में प्रदेश की प्रमुख नदियों के दोनों ओर 5 किलोमीटर क्षेत्र में पौधारोपण गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में वन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नदियों के किनारों के अतिक्रमण हटाने में स्थानीय समुदाय का सहयोग लिया जाए। साथ ही स्थानीय समुदाय के आय संवर्धन के लिए पौधारोपण में औषधीय पौधों सहित उपयोगी पौधों के रोपण को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर उज्जैन देवास क्षेत्र को मेट्रोपोलिटन एरिया के रूप में विकसित किया जा रहा है, क्षिप्रा नदी के संरक्षण की योजना तदनुसार बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने नगर वनों के उचित विकास और रखरखाव के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया।



### मगरमच्छ व अन्य जलीय जीव, जल संरचनाओं के स्वस्थ इकोसिस्टम के लिए जरूरी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नदियों और जल संरचनाओं के स्वस्थ ईकोसिस्टम को बनाए रखने में मगरमच्छ, घड़ियाल और कछुओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन नदियों और जल संरचना में यह जीव अधिक संख्या में हैं, वहां से उन्हें शिफ्ट कर अन्य नदियों और जल संरचना में छोड़ा जाए। इसकी शुरुआत नर्मदा और तवा नदी से की जाए। बैठक में वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने, लघु वन उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि, तेंदूपत्ता बोनस वितरण आदि विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन बल प्रमुख व्ही.एन. अम्बाडे सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

---

बैतूल हाईवे पर बड़ा हादसा

## बोलेरो कुएं में गिरी, चार साधुओं की मौत, तीन घायल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** शुक्रवार शाम बैतूल हाईवे पर ग्राम टेमनी (सावरी) के पास दर्दनाक हादसा हो गया। चित्रकूट (उत्तर प्रदेश) से बालाजीपुरम (बैतूल) दर्शन के लिए आए सात साधु-संत बोलेरो वाहन (क्रमांक MP-19-BB-0614) से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक बोलेरो का पिछला टायर फट गया और वाहन अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे बने एक गहरे कुएं में जा समाया। हादसे के समय बोलेरो में कुल सात साधु सवार थे। इनमें से तीन साधु समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। बाकी चार साधु वाहन समेत कुएं में गिर गए। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया।

### मृतक और घायलों की पहचान

हादसे में चार साधुओं की मौत हो गई। इनमें कल्लू उर्फ लक्ष्मी गिरी (24), मलखान गिरी (65), राकेश गिरी (35) और गुलाब गिरी (40) शामिल हैं। वहीं तीन साधु घायल हुए हैं, जिनके नाम मखंजू गिरी (27), शिवपूजन गिरी (60) और चालक राकेश गिरी (32) बताए गए हैं। इन्हें जिला अस्पताल छिंदवाड़ा में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

### रेस्क्यू ऑपरेशन देर रात तक जारी

पुलिस और प्रशासन की टीमों ने तुरंत राहत-बचाव कार्य शुरू किया। कुएं में गिरे साधुओं में से तीन के शव निकाल लिए गए हैं, जबकि चौथे साधु के शव की तलाश एसडीआरएफ की टीम देर रात तक करती रही। डीएसपी आरपी चौबे ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि आज शाम बैतूल हाईवे पर बोलेरो वाहन का टायर फटने से यह हादसा हुआ। बोलेरो में सात साधु सवार थे। इनमें से तीन को सुरक्षित निकालकर अस्पताल भेजा गया है। चार साधु कुएं में गिरे थे, जिनमें से तीन के शव बरामद कर लिए गए हैं। चौथे की तलाश एसडीआरएफ की टीम कर रही है।

---

सीएम ने सबलगढ़ एसडीएम को निलंबित किया

## एसडीएम रात में बेटी को फोन करते, हमें गालियां दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना, एजेंसी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को एक्स हेंडल पर मुरैना के सबलगढ़ एसडीएम को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। उनके खिलाफ एक महिला से फोन पर गाली-गलौज करने के आरोप हैं।**

मुरैना कलेक्ट्रेट में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान एक पीड़ित परिवार ने कलेक्टर अंकित अस्थाना से एसडीएम अरविंद



माहौर की शिकायत वीडियो समेत की थी। इसके बाद कलेक्टर ने उन्हें मुख्यालय अटैच कर दिया था। कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद प्रतिवेदन तैयार कर चंबल कमिश्नर को भेज दिया है। चूंकि यह कार्रवाई कमिश्नर स्तर की है, इसलिए निलंबन आदेश वहीं से जारी होगा। शिकायतकर्ता महिला और उसके पति ने बताया कि एसडीएम ने उनकी बेटी का मोबाइल नंबर पता कर लिया था। पिछले एक साल से देर रात फोन कर गलत बातें करता है। जब उनकी बेटी ने फोन उठाना बंद कर दिया तो रिश्तेदारों को फोन पर धमकाने लगा। एसडीएम ने सबलगढ़ में देवर की दुकान पर पहुंचकर धमकी दी कि तेरी बेटी और तेरी भाभी में बहुत गर्मी है, झूठे केस में फंसा दूंगा। मुझसे बड़ा कोई अधिकारी नहीं है। शिकायत में महिला ने कहा कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो परिवार सामूहिक आत्महत्या को मजबूर हो जाएगा। अब यह प्रताड़ना सहन नहीं हो रही है, इसलिए कलेक्टर से न्याय की गुहार लेकर आए हैं।

---

## नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने लगाई फांसी

◆ सुसाइड नोट में लिखा- मैं कुछ खास नहीं कर पाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** कोलार इलाके में रहने वाली एक बैंक मैनेजर की बेटी ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके पास अंग्रेजी में लिखा एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने मर्जी से खुदकुशी करने की बात लिखी है, लेकिन कारणों का खुलासा नहीं किया है। उसने सुसाइड नोट में लिखा कि आई एम सॉरी मम्मी-पापा, मैं कुछ खास नहीं कर पाई। पुलिस ने छात्रा का मोबाइल जब्त कर जांच शुरू कर दी है। छात्रा नीट की तैयारी करने के लिए ही बैतूल से भोपाल आई थी। वह यहां अपनी मां के साथ किराये के फ्लैट में रहती थी, जबकि पिता बैतूल में बैंक मैनेजर हैं और वहीं रहते हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है, जिसे लेकर परिजन बैतूल चले गए। घरवालों के विस्तृत बयान के बाद ही खुदकुशी के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

---

## पांच हजार का इनामी आरोपी आया पुलिस गिरफ्त में, माचिस न देने जैसी मामूली बात पर की थी मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। पुलिस ने माचिस न देने जैसी मामूली बात पर हुए विवाद में मारपीट और चाकूबाजी के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 5000 रुपए का इनाम घोषित था और वह करीब एक वर्ष से पुलिस की गिरफ्त से बचता फिर रहा था।**

31 जुलाई 2024 को नागदा निवासी प्रेमसिंह सिसोदिया और उसके साथियों ने कमलेश जायसवाल, नागेश्वर गुर्जरवाडिया और भारत प्रजापत से विवाद कर गाली-गलौच की थी। इस दौरान आरोपियों ने बेल्ट और चाकू से हमला कर दिया था, जिससे कमलेश जायसवाल की आंख गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घटना के बाद फरियादियों ने थाना नागदा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

घटना का मुख्य आरोपी प्रिंस पिता महेश सोनी (20), निवासी जवाहर मार्ग, नागदा लंबे समय से फरार था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक उज्जैन ने 5000 रुपए का इनाम घोषित किया था। आरोपी लगातार




ठिकाने बदलकर गिरफ्तारी से बच रहा था, लेकिन पुलिस की तकनीकी और मुखबिर तंत्र की मदद से उसकी गतिविधियों का पता लगाया गया।

थाना नागदा पुलिस ने योजनाबद्ध दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लेगी, ताकि घटना से जुड़े अन्य तथ्यों और संभावित साथियों की जानकारी जुटाई जा सके।

## संपादकीय

# मैदानी स्तर तक संयुक्त अभियान क्षमता विकसित करना

भारत और अमेरिका ने हाल ही में अलास्का में संपन्न हुए 'युद्ध अभ्यास' सैन्य अभ्यास के दौरान आपसी सैन्य तालमेल को और मजबूती देने का काम किया। इस दौरान दोनों देशों की सेनाओं ने जटिल युद्धाभ्यास में हिस्सा लिया जिसका मुख्य मकसद भविष्य की इंडो-पैसिफिक चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त रुप से युद्ध तत्परता को परखना था। सूत्रों के अनुसार, भारत ने इस बार अमेरिका में अपने सबसे बड़े मिलिट्री डेलिगेशन्स में से एक को भेजा था, जिसमें विभिन्न हथियारों और सेवाओं से जुड़े 450 सैनिक शामिल हुए। गौरतलब है कि अमेरिका पहले से ही भारत का सबसे बड़ा मिलिट्री ट्रेनिंग पार्टनर है। इस युद्धाभ्यास की थीम पर्वतीय और अत्यधिक ठंडे मौसम में 'ज्वॉइंट इंटीग्रेटेड बैटल ग्रुप' के संचालन पर केंद्रित रही। पाकिस्तान और चीन से लगी ऊंचाई वाली सीमाओं पर तैनाती के अनुभव के कारण भारत इस प्रकार के हालात में पहले से ही विशेष दक्षता रखता है। सूत्रों का कहना है कि हालिया अभ्यास सबसे जटिल रहा क्योंकि इसमें ब्रिगेड स्तर के युद्धाभ्यास शामिल थे, जिनमें सभी घटकों को मिलाकर इंटरऑपरेबिलिटी हासिल करने का लक्ष्य रखा गया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में पैदल सेना, तोपखाना, सिग्नल्स और वायु रक्षा बल शामिल रहे। साथ ही, कॉम्बैट इंजीनियरों का दल भी इस अभ्यास का हिस्सा बना। मकसद था मैदानी स्तर तक संयुक्त अभियान क्षमता विकसित करना ताकि भविष्य की वास्तविक परिस्थितियों में दोनों सेनाएं मिलकर काम कर सकें। अधिकारियों ने बताया कि विशेषज्ञ प्रशिक्षण में स्नाइपर, टोही और कॉम्बैट इंजीनियर्स (काउंटर-IED) शामिल थे। इसके बाद सैनिकों ने छोटे हथियारों और तोपखाने की लाइव-फायर ड्रिल की और अंततः 72 घंटे लंबे वैलिडेशन अभ्यास का आयोजन किया गया, जिसमें पैदल सेना, तोपखाना और अन्य संसाधनों का संयुक्त कमान और नियंत्रण में इस्तेमाल हुआ।

॥ राम ॥

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**निंदा रोग है, किसी की निंदा न करना यह परम आरोग्य है।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

# भूतिया सड़क



सालों पहले मनकपुर गांव के लोगों को व्यापार करने के लिए अक्सर शहर जाना पड़ता था। मनकपुर को शहर से जोड़ने वाली सिर्फ एक ही सड़क थी, जिसके दोनों ओर खूब घना जंगल था। घने जगल से शहर जाते वक्त गांव वालों को डर भी काफी लगता था, इसलिए कोई भी अकेले शहर की ओर नहीं जाता था।

हर किसी को उस डरावनी रोड में होने वाली दुर्घटनाओं से डर लगता था। चाहे दिन का समय हो या रात, वहां बैलगाड़ी से माल ले जा रहे व्यापारी दुर्घटना की चपेट में आ जाते थे। लोगों को रात के समय वहां भूत भी दिखते थे। मालगाड़ियों की अक्सर टक्कर छोटे वाहन से हो जाती थी और दोनों ही मौके पर खत्म हो जाते थे। इन सबके पीछे की वजह गांव वाले भूत को ही मानते थे।

बढ़ती दुर्घनाओं के कारण गांव से शहर को जोड़ने वाली सड़क से लोगों ने आना-जाना कम कर दिया, जिसका सीधा असर व्यापार पर पड़ने लगा। अब गांव वालों को दूसरी सड़क बनने का इंतजार था, जो शहर को मनकपुर से जोड़ दे। गांव से कूछ दूरी पर नई सड़क का काम शुरू हो चुका था और देखते-ही-देखते कुछ महीनों में दूसरी सड़क बनकर तैयार हो गई।


खुशी के मारे गांव वालों ने उस भूतिया सड़क को बंद करने का फैसला लिया। उस रास्ते पर लोगों ने मिलकर पत्थर व पेड़ गिराकर रास्ता बंद कर दिया और सावधानी के लिए दुर्घटना व भूतों से जुड़ी एक सूचना पट्टी भी लगा दी।

अब लोगों ने नई सड़क से आना-जाना शुरू किया। अब वहां किसी तरह की दुर्घटना की आशंका नहीं थी। उधर भूतिया सड़क बंद करने से गांव के लोगों की मौत का सिलसिला थमा और वहां खुशहाली आ गई।

### कहानी से सीख :

दुख-दर्द और गम हमेशा के लिए नहीं होते हैं। गम के बादल के बाद खुशी का सूरज जरूर खिलता है।

## रंग भरो



Jammu & Kashmir

# उधमपुर में आतंकियों से मुठभेड़, एक जवान घायल सेना के जाल में फंसे कई आतंकी

**उधमपुर, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में सुबह-सुबह आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में सेना का कम से कम एक जवान घायल हो गया। वहीं सुरक्षाबलों ने तीन से चार आतंकियों को घेर लिया है। इसके अलावा किश्तवाड़ में शुक्रवार शाम हुई मुठभेड़ में भी कम से कम तीन आतंकियों को घेर लिया गाय है। माना जा रहा है कि उधमपुर में फंसे आतंकी जैश-ए-मोहम्मद से ताल्लुक रखते हैं। जानकारी के मुताबिक उधमपुर के डुडू बसंतगढ़ में सुरक्षाबलों को आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सेना के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और पुलिस ने मिलकर



अभियान शुरू किया। इसके बाद आतंकियों ने भी गोलीबारी की। ऐसे में एक सेना का जवान जख्मी हो गया।

जम्मू आईजीपी ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर बताया कि एसओजी, पुलिस और सेना का संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। वहीं किश्तवाड़ में भी सर्च ऑपरेशन अभी खत्म नहीं हुआ है। एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को ही खुफिया एजेंसियों ने किश्तवाड़ में आतंकियों के छिपे होने की जानकारी दी थी। कई घंटे तक तलाशी के बाद 8 बजे मुठभेड़ शुरू हुई।

सेना का कहना है कि किश्तवाड़ में अब भी रह-रहकर गोलीबारी हो रही है। बता दें कि जून में उधमपुर के बसंतगढ़ इलाके में ही हैदर नाम के जैश के एक आतंकी को ढेर कर दिया गया था।

Gujrat

## पत्नी थी सरपंच और पति लोगों से वसूलता था रिश्वत, 75 हजार लेते रंगे हाथों धराया



**जाम नगर, (एजेंसी)** गुजरात के जामनगर जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) ने कालावड़ के बेराजा ग्राम पंचायत में बड़ा एक्शन लिया है. यहां ग्राम पंचायत की महिला सरपंच के पति को 75,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया. मामला बेराजा गांव के एक खदान पट्टेधारक से संबंधित है.

जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता भलसन-बेराजा गांव में पट्टे पर खदान का संचालन करता है. खनन व्यवसाय में किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए उसने बेराजा ग्राम पंचायत कार्यालय से आवश्यक अनुमति और सहयोग मांगा था.

इसी बहाने ग्राम पंचायत की महिला सरपंच के पति दिनेश तेजा जेपर ने शिकायतकर्ता से 75,000 रुपये रिश्वत की मांग की. उसने यह भी दावा किया कि वह खुद पंचायत का संचालन कर रहा है. दिनेश जेपर ने रिश्वत की राशि अपने साथी हमीर देवराज सोलंकी को देने के लिए कहा था. ACB ने शिकायत मिलने पर तुरंत जाल बिछाया. जामनगर-कालावड़ मार्ग पर माटली पाटिया गांव के पास राजमार्ग पर आरोपी दिनेश जेपर ने शिकायतकर्ता से बात की और उसे रिश्वत की राशि हमीरभाई सोलंकी को देने के लिए कहा. जैसे ही हमीरभाई सोलंकी ने 10,000 रुपये की रिश्वत स्वीकार की, एसीबी टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों को 75,000 रुपये की नकदी के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया.

Gujrat

## 2 पानीपूरी कम मिलने पर बीच सड़क पर बैठी महिला

**वडोदरा, (एजेंसी)** गुजरात के वडोदरा में गुरुवार शाम को पानीपूरी खाने के लेकर विवाद खड़ा हो गया। शहर के सूरसागर इलाके में एक महिला दो पानीपुरी कम मिलने पर नाराज हो गई। महिला गुस्से में बीच सड़क पर बैठ गई। इसके चलते ट्रैफिक जाम होने की नौबत बन गई। जब पुलिसवाले महिला को सड़क से उठने की गुहार लगाने पहुंचे तो उसने उठने से मना कर दिया। महिला ने कहा कि अब दोबारा पानीपुरी खाने जाऊंगी तो पहले के तरह मजा नहीं आएगा। इसके बाद महिला पुलिस की मदद ली गई और काफी समझाइश के बाद महिला को सड़क से हटाया जा सका। महिला ने बताया कि उसने 20 रुपए की पानीपूरी खाई थी। पानीपूरी खाने के बाद उसने दुकानदार से कहा- आपने मुझे दो पानीपूरी कम दी है। दुकानदार इसी जिद पर अड़ा रहा कि मैंने पूरी पानीपूरी खिलाई हैं। बल्कि दो ज्यादा खिलाई हैं। उसके न मानने पर महिला भड़क गई और उसके ठेले के सामने ही सड़क पर जा बैठी।



New Delhi

रामदेव ने याचिका लगाई : दिल्ली हाईकोर्ट बोला-

## हर फालतू अपील की अनुमति नहीं देंगे जरूरत पड़ी तो जुर्माना लगाएंगे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पतंजलि-डाबर च्यवनप्राश विज्ञापन मामले में सुनवाई की। बाबा रामदेव ने इस विज्ञापन को चलाने पर रोक लगाने वाले सिंगल बेंच जज के आदेश को चुनौती दी थी।

जस्टिस सी हरिशंकर और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा- आपने बाकी सभी लोगों को यह कहकर बदनाम कर दिया कि वे नहीं जानते च्यवनप्राश क्या है, और कैसे बनता है। बेंच ने कहा- सिंगल जज ने एड को अपमानजनक माना। यह अंतरिम आदेश है। जरूरी नहीं हम भी इस पर विचार करें। हम हर फालतू अपील की अनुमति नहीं देंगे। जरूरत पड़ी तो जुर्माना लगाएंगे। जस्टिस हरिशंकर ने पतंजलि को फटकार लगाते हुए कहा- ऐसा नहीं है कि यह आदेश आपको नुकसान पहुंचाएगा। आपके पास बहुत पैसा है, इसलिए आप हर मामले में अपील दायर कर सकते हैं। पतंजलि के वकील ने कोर्ट से इस मामले पर बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के साथ चर्चा करने के लिए समय मांगा, जिसके बाद अदालत ने अपील पर अगली सुनवाई 23 सितंबर के लिए लिस्ट कर दी है। इससे पहले 3 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट की सिंगल जज मिनी पुष्करणा ने पतंजलि च्यवनप्राश के विज्ञापन पर रोक लगा दी थी। डाबर ने याचिका लगाई गई थी कि बाबा रामदेव ग्राहकों को गुमराह कर रहे हैं।

खेल

# ओमान पर जीत के लिए भारत को करनी पड़ी मेहनत गेंदबाजी-बल्लेबाजी की खामियां उजागर

**अबु धाबी।** भारत ने ओमान को 21 रन से हराकर एशिया कप 2025 में अपना विजयी अभियान जारी रखा। अबु धाबी में शुक्रवार को खेले गए ग्रुप चरण के आखिरी मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 188 रन बनाए। जवाब में ओमान की टीम निर्धारित ओवरों में चार विकेट पर 167 रन ही बना सकी। हालांकि, उनके लिए आमिर कलीम और हम्माद मिर्जा ने 93 रनों की साझेदारी की और गेंदबाजों की जमकर खबर ली। लेकिन दोनों टीम को जीत नहीं दिला सके।

ग्रुप ए में जतिंदर सिंह के नेतृत्व वाली ओमान आखिरी पायदान पर रही और सुपर-4 चरण के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई। भारत से पहले उसका सामना संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और पाकिस्तान से हुआ था, जिनमें वह एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी। शनिवार से



सुपर-4 चरण की शुरुआत होगी। भारतीय टीम का सामना रविवार को पाकिस्तान से होगा। इससे पहले ग्रुप चरण में 14 सितंबर को दोनों टीमों की भिड़ंत हुई थी, जिसमें सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया था।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव आज अलग ही रंग में नजर आए। पहले वह टॉस के दौरान अर्शदीप सिंह का नाम भूल गए, इसके बाद पूरी पारी में पैड पहनकर स्टैंड्स में बैठे रहे लेकिन बल्लेबाजी के लिए नहीं आए। इसका ओमान के गेंदबाजों ने कहीं न कहीं भरपूर लाभ उठाया।

उपकप्तान शुभमन गिल पर भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी थी, लेकिन लगातार तीसरे मैच में छोटी पारी खेलकर वह पवेलियन लौट गए। दूसरे ओवर में शाह फैसल ने उन्हें बोल्ड किया। वह सिर्फ पांच रन बना पाए। इसके बाद मोर्चा अभिषेक शर्मा और तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए संजू सैमसन ने संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 34 गेंदों में 66 रनों की साझेदारी हुई, जिसे जितेन रामानंदी ने तोड़ा। उन्होंने विनायक शुक्ला के हाथों सलामी बल्लेबाज अभिषेक को कैच कराया। वह 15 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के की मदद से 38 रन बनाकर आउट हुए।

प्रशंसकों को इंतजार था कि सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी के लिए आएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हद तो तब हो गई जब हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव को भी बल्लेबाजी के लिए भेज दिया गया। पहले माना जा रहा था कि जिन खिलाड़ियों को पिछले दो मैचों में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला है, कप्तान ने उन्हें मौका देने के लिए ऐसा किया। हालांकि, जब हर्षित और अर्शदीप जैसे गेंदबाज जिनका अगले मैच में खेलना तक तय नहीं है उन्हें बल्लेबाजी के लिए भेज दिया जाए।

सिनेमा

# सिंगर जुबीन गर्ग की स्कूबा डाइविंग के दौरान हुई मौत



मनोरंजन जगत से एक के बाद एक बुरी खबरें सुनने को मिल रही है। हाल ही में खबर सामने आई है कि फेमस सिंगर जुबीन गर्ग अब इस दुनिया में नहीं रहे। उनका 52 साल की उम्र में निधन हो गया। बताया जा रहा है कि उनकी स्कूबा डाइविंग के दौरान मौत हो गई। दरअसल, जुबीन गर्ग सिंगापुर में नॉर्थ इस्ट फेस्टिवल अटेंड करने गए थे। ये फेस्टिवल 19-21 सितंबर को होने वाला है। रिपोर्ट के मुताबिक सिंगापुर पुलिस ने उन्हें समुद्र से रेसक्यू किया और हॉस्पिटल पहुंचाया लेकिन डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत की खबर ने न सिर्फ म्यूजिक इंडस्ट्री, बल्कि फैंस और करीबी दोस्तों को भी हिला कर रख दिया है।

## Highlights

1. 'FIR registered in 2023': Karnataka CEO on Aland 'vote chori'
2. Dowry harassment claiming young women's lives in Tamil Nadu
3. Kasaragod police eye legal action on LGBTQ dating app Grindr
4. Mahabharata's Lakshagriha site to be turned into tourism hub in UP
5. He was killed over AC dispute; US police fired 4 rounds: Indian techie's relative
6. PM Modi plants 'kadamb' sapling gifted by UK King on 75th birthday

# US hikes H-1B visa fees by $100,000. That affects a Tesla more than a TCS

**NEW DEIHI, (Agency).** "The United States has hiked H-1B fee by up to $100,000. That's a bigger setback for a Tesla than a TCS in 2025. On Friday, US President Donald Trump announced that companies will have to pay the US government $100,000 in order to secure an H-1B visa for a foreign employee. The hike is on top of the current fees, which are quite modest.

Speaking to reporters at the White House, the US Commerce Secretary Howard Lutnick said that the move would ensure US companies hire more American talent while sending less valuable foreign workers back to their home countries. Given that Indians account for over 70% of H-1B visa holders, these restrictions could prove especially damaging to the Indian diaspora in America.

The H-1B visa fee hike would apply from 21 September 2025 for a period of 12 months. After the initial period, the rule will expire unless extended.

Trump alleged "systemic abuse" of the H-1B visa system, particularly by IT outsourcing firms. The misuse of the H-1B visa program was a "national security threat", he said.

"Further, the abuse of the H-1B visa program has made it even more challenging for college graduates trying to find IT jobs, allowing employers to hire foreign workers at a significant discount to American workers," his proclamation reads.



### Impact Of H-1B Visa Fee Hike

The rules are expected to make it far harder for US technology firms, in particular, to hire talent from foreign nations, including India.

"For thousands of Indian tech workers, the proposed fee, if enacted, will likely not force immediate returns but will limit job mobility and make renewals costly," Sophie Alcorn, an immigration lawyer who works closely with a number of foreign tech workers. "Employers may hesitate to sponsor or retain H-1B employees, especially early-career professionals, increasing the risk that some will have to go back to India or be attracted to other countries such as Canada, the UK, the UAE, and Saudi Arabia."

The news pushed Infosys ADRs and Wipro ADRs lower by 3.41% and 2.10%, respectively. Accenture Plc and Cognizant Technology Solutions Corp., where Indians are a significant chunk of the employee base, hit session lows.

### H-1B Visa Rules

H-1B visas are awarded based on a lottery system, but flaws in the system created loopholes that some employers have exploited by flooding the lottery with entries. The US has changed the lottery process to reduce the ability to game its outcome, and now, Trump is weighing further changes to the way applications are considered.

Indian nationals accounted for 71%, or 283,397, of the 399,395 H-1B visa petitions approved by the US Citizenship and Immigration Services in the fiscal year ended 30 September 2024, according to USCIS data. Of all the H-1B petitions approved in that year, "computer-related occupations" accounted for 64% of all beneficiaries. These applicants drew an average salary of $120,000. An H-1B visa is generally for a period of up to three years.

### H-1B Visa & India's IT Sector

That India's $283-billion IT services industry is built on the back of H-1B visa won't be far from the truth. The delivery model is a mix of offshore talent in India and onsite in client markets—mainly in the US. An H-1B worker may cost a firm $80,000-$100,000 annually as against $120,000-$150,000 for a local hire in the same role. This labour arbitrage has been one of the pillars of

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

# I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.

# WHO AM I?

# I AM THE DETECTIVE !

Helping Secretly & Securely...



WWW.DETECTIVEGROUP.IN

Visit our website & Submit your Query...
Team will contact you within 24 hrs...

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक